प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 08.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे आज धनबाद में अग्नि प्रभावित क्षेत्र का करेंगे दौरा, भूमिगत खदानों का भी करेंगे निरीक्षण।

2. जमशेदपुर टाटा–ब्रह्मपुर वंदे भारत ट्रेन का आज किया गया परीक्षण परिचालन, मंगलवार को टाटा –पटना वंदे भारत रेल का भी होगा ट्रायल, 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिखायेंगे हरी झंडी।

3. गिरिडीह पुलिस ने ठेकेदारों और क्रशर मालिकों से लेवी मांगने वाले चार अपराधियों को किया गिरफ्तार, तीन जिलों में सक्रिय था गिरोह।

4. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–2025 के लिए इस महीने की 15 तारीख़ तक किए जा सकेंगे नामांकन ।

****

केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे आज धनबाद में अग्नि प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। केन्द्रीय मंत्री कई कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ भूमिगत खदानों का भी निरीक्षण करेंगे। एक रिपोर्ट–

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को टाटानगर रेलवे स्टेशन से दो वंदे भारत एक्सप्रेस, टाटानगर – ब्रहमपुर और टाटानगर– पटना को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। इसी क्रम में टाटानगर से ओड़ीसा के ब्रह्मपुर के लिए वंदे भारत का आज ट्रायल रन किया गया जबकि मंगलवार यानी 10 सितम्बर को टाटा से पटना वंदे भारत एक्प्रेस का ट्रायल होगा।

****

आज पश्चिमी सिंहभूम जिले के लिए ऐतिहासिक दिन रहा, जब वंदे भारत ट्रेन का परीक्षण परिचालन जिला मुख्यालय चाईबासा होते हुए किया गया। यह ट्रेन टाटानगर से खुलकर सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर चाईबासा पहुंचेगी और कटक, भुवनेश्वर के रास्ते ब्रह्मपुर तक जाएगी। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग जिले में ठेकेदारों से लेवी मांगने वाले चार अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने गिरफतार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि ये अपराधी ठेकेदारों और क्रशर मालिको से गिरोह बनाकर लेवी की मांग कर रहे थे।

****

पुलिस अब जन शिकायतों का निपटारा सीधे संवाद से करने की कोशिश करेगी। इसके तहत बोकारो और धनबाद में 10 सितंबर को पुलिस के द्वारा जन शिकायत समाधान शिविर लगाया जाएगा। कोयलांचल के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने बताया कि इस पहल से पुलिस और जनता के बीच मित्रवत संबंध बनेगा। पीड़ित खुल कर अपनी बात पुलिस के समक्ष रख सकेंगे। उन्होंने लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

****

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–2025 के लिए नामांकन इस महीने की पंद्रह तारीख़ तक किए जा सकेंगे। महिला और बाल विकास मंत्रालय प्रत्येक वर्ष जनवरी में इस पुरस्कार का आयोजन करता है। विजेताओं की घोषणा इस वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर की जाएगी। पुरस्कार के लिए 5 वर्ष से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे पात्र हैं। नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है।

****

राज्य भर में गणेश चतुर्थी को लेकर खासा उत्साह है। गणेश उत्सव के मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी कोडरमा पहुंची। उन्होंने झुमरी तिलैया का भ्रमण किया और यहां लगे कई पंडालों का उद्घाटन किया।उन्होंने समस्त देशवासियों के लिए मंगल कामना की। इधर बोकारो इस्पात नगर के सिटी सेंटर में बने पूजा पंडाल का धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और बोकारो भाजपा विधायक बिरंचि नारायण ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पूरे झारखंड के सुख समृद्धि की कामना की। गुमला जिला मुख्यालय सहित जिले में कई प्रखण्ड मुख्यालयों में भी आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है । लोहरदगा जिले के विभिन्न स्थानों में भी गणपति की स्थापना की गई है ।

****

फ्रांस की राजधानी पेरिस में पैरालंपिक खेलों के दसवें दिन भारत ने कल दो और पदक जीते। पुरुषों की भालाफेंक स्पर्धा में नवदीप सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में पहले स्थान पर रही ईरान के खिलाड़ी को अनुचित व्यवहार के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया। उससे पहले महिलाओं की दो सौ मीटर ट्रैक स्पर्धा में सिमरन शर्मा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पैरालंपिक खेलों की तालिका में अब भारत 29 पदक जीतकर 16वें स्थान पर पहुंच गया है। इनमें 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं।

****

आज अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस है। इसका आयोजन प्रत्येक व्यक्ति, समुदाय और समाज के लिए साक्षरता के महत्व की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाता है। इस वर्ष का विषय है–बहुभाषी शिक्षा संवर्धन – आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता।

****

- देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र से साइबर थाने की पुलिस ने छापेमारी कर साइबर ठगी के एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।
- कोडरमा जिले के झुमरी तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है ।
- लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में बेकाबू बाइक के पेड़ से टकराने से हादसा हुआ है। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।
- लातेहार जिले के लोहसिंगना डैम में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। स्थानीय गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब 20 घंटे बाद प्रशासन की मौजूदगी में शव निकाला ।

*******समाप्त*************